***जनपद - संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनॉक 26.08.2023***

आज दिनांक 26.08.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

## *मेहदावल पुलिस द्वारा दहेज मृत्यु कारित करने के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार*

जनपद में ***मिशन शक्ति अभियान*** के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मेहदावल ***श्री अम्बरीष सिंह भदौरिया*** के निकट पर्यवेक्षण में ***थाना मेहदावल पुलिस*** **द्वारा** मु0अ0सं0 355/2023 धारा 498(A)/304(B) भा0द0वि0 व 3 / 4 डीपी एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त नाम पता बाल किशुन पुत्र सुन्नर निवासी विसौवा थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-***

बाल किशुन पुत्र सुन्नर निवासी विसौवा थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर।

***संक्षिप्त विवरणः-*** दिनांक 22.08.2023 को वादी द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया कि उसकी पुत्री का विवाह 03 वर्ष पूर्व अभियुक्त उपरोक्त के साथ हुआ था। उक्त अभियुक्त व उसके परिजनों द्वारा दहेज के कारण उसके पुत्री के साथ मारपीट की घटना की जाती थी व दिनांक 16.08.2023 को दहेज के कारण वादी की पुत्री की हत्या कर दिया गया। इस संबंध में थाना मेहादवल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। महिला संबंधी अपराध के दृष्टिगत थाना मेहदावल पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगायी गयी थी, आज दिनांक 26.08.2023 को थाना मेहदावल पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस बल का विवरणः-*** चौकी प्रभारी विसौवा उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार नायक,का0 गिरिजेश मद्देशिया व का0 अशुमान द्विवेदी।

## *फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत ***थाना महुली पुलिस** द्वारा* 01 नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता मनीष गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद निवासी मोलनापुर बाजार थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-*** उ0नि0 श्री अरुण कुमार पाण्डेय, कां0 राजन यादव।

***शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) मे 16 अभियुक्त गिरफ्तार***

- **थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 08 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना महुली पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 05 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा*** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

***मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 50 वाहनों से 49,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया***

आज दिनांक 26.08.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 50 वाहनों से 49,000 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।